अमेरिका का 248वाँ स्वतंत्रता दिवस

[स्रोत: इंडियन एक्सप्रेस]

हाल ही में **अमेरिका** ने **4 जुलाई 2024** को अपने **स्वतंत्रता दिवस की 248वीं** वर्षगाँठ मनाई है।

- **4 जुलाई 1776** को **द्वितीय महाद्वीपीय कॉन्ग्रेस** द्वारा स्वतंत्रता की घोषणा को अपनाने के बाद **अमेरिका** को एक संप्रभु राष्ट्र घोषित किया गया।
  - इस दिन **ब्रिटिश उपनिवेशों का ग्रेट ब्रिटेन** से पृथक्करण हुआ था।
- स्वतंत्रता के लिये संघर्ष वर्ष 1775 में शुरू हुआ जब 13 अमेरिकी उपनिवेशों ने **किंग जॉर्ज तृतीय** के अधीन ब्रिटिश शासन से स्वतंत्रता की मांग की।
  - इस संघर्ष ने **अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध (1775-1783)** को जन्म दिया, जो उपनिवेशों की स्वशासन और दमनकारी ब्रिटिश नीतियों से मुक्ति की इच्छा से प्रेरित था।
- अमेरिकी उपनिवेशों ने घोषणा-पत्र स्वीकृत होने के दो दिन पहले **2 जुलाई 1776** को स्वतंत्रता की घोषणा के लिये मतदान किया और 13 में से 12 उपनिवेशों ने आधिकारिक तौर पर ग्रेट ब्रिटेन के साथ राजनीतिक संबंध तोड़ने का फैसला किया।
- अमेरिकी क्रांतिकारी युद्ध के कारणों में आर्थिक विकास में बाधा डालने वाले **ब्रिटिश व्यापार प्रतिबंध**, पश्चिम की ओर विस्तार पर प्रतिबंध, **ज्ञानोदय विचारकों का प्रभाव**, **उपनिवेशों पर कर लगाने के ब्रिटिश प्रयास**, **ब्रिटिश संसद में प्रतिनिधित्व की कमी** और **औपनिवेशिक असंतोष को बढ़ाने वाले कोएर्सिव एक्ट** जैसे कठोर उपाय शामिल थे।

और पढ़ें: [संयुक्त राज्य अमेरिका का 244वाँ स्वतंत्रता दिवस]

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/248th-independence-day-of-us